हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 14 जून 2024

11 पुलिस टीमों ने आमजन को नशे के खिलाफ किया जागरूक


12 बिजली-पानी की मांग को लेकर भड़के ग्रामीण


## खबर संक्षेप

### जिला रोजगार कार्यालय में रोजगार मेला आज

**फतेहाबाद।** जिला रोजगार कार्यालय, फतेहाबाद में 14 जून को एक रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में एचडीएफसी लाइफ द्वारा बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर तथा फाइनेंसियल कंसलटेंट के पदों की भर्ती हेतू साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि इस मेले में साक्षात्कार में भाग लेने हेतू फाइनेंशियल कंसलटेंट के लिए प्रार्थी 12वीं तथा बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर के लिए प्रार्थी स्नातक पास होना चाहिए। साथ ही प्रार्थी का नाम हरियाणा के किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत होना चाहिए।

### फतेहाबाद से वाहन चोरों ने दो बाइक चुराई

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने गत दिवस क्षेत्र से दो मोटरसाइकिल चोरी कर ली। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में बरवाला के गांव हसनगढ़ निवासी सुनील कुमार ने कहा है कि वह फाइनैंस कम्पनी में सीनियर कॉलेक्शन ऑफिसर के पद पर कार्यरत है। गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर भट्टू मण्डी आया था। उसने अपने मोटरसाइकिल को बस स्टैण्ड के पास पार्क के सामने लॉक करके खड़ा किया और काम पर चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था। इस पर पहले उसने आसपास तलाश की लेकिन जब मोटरसाइकिल बारे कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर बाईक की तलाश शुरू कर दी है। दूसरे मामले में सदर फतेहाबाद पुलिस ने गांव चिन्दड़ निवासी सुरेश कुमार की शिकायत पर उसके घर से उसका मोटरसाइकिल चोरी होने बारे केस दर्ज किया है।

### हेरोइन सहित महिला को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए फतेहाबाद पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 7.35 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पकड़ी गई महिला तस्कर की पहचान सन्तरो पत्नी रोशन लाल निवासी नन्हेडी जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। इस बारे जानकारी देते हुए एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गांव नन्हेडी के क्षेत्र में नाकाबंदी करके महिला तस्कर सन्तरो को काबू किया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जा से 7.35 ग्राम हेरोइन बरामद की। महिला के खिलाफ थाना सदर टोहाना में मादक पदार्थ की तस्करी के तहत मामला अंकित किया गया है।

### खेल नर्सरी में प्रवेश के लिए मिक्स बॉक्सिंग ट्रायल 15 को

**फतेहाबाद।** टोहाना के भूना रोड स्थित सेंट जोसफ इंटरनेशनल स्कूल में खेल नर्सरी में प्रवेश के लिए मिक्स बॉक्सिंग के ट्रायल 15 जून को सुबह 8 बजे से करवाए जाएंगे। यह जानकारी देते हुए प्राचार्या मारियालीन लुइस ने बताया कि ट्रायल 8 से 19 वर्ष तक आयु वर्ग के लिए है। ट्रायल के इच्छुक खिलाड़ियों को दो फोटो, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, फैमिली आईडी, बैंक कॉपी इत्यादि दस्तावेजों की ओरिजनल व फोटोकॉपी के साथ स्कूल में सुबह 8 बजे उपस्थित होना है। चयनित होकर नर्सरी में अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों में 8 से 14 वर्ष आयु वर्ग को 1500 रूपये व 15 से 19 आयु वर्ग को 2000 रूपये मासिक खुराक भत्ता हरियाणा सरकार द्वारा दिया जाएगा।

### गुरुद्वारे से मोटरसाइकिल चोरी

**सिरसा।** जिला के गांव सुबाखेड़ा निवासी एक व्यक्ति की गुरुद्वारा बडागुढ़ा से बाइक चोरी हो गई। पुलिस को दी शिकायत में गाव सुबाखेड़ा निवासी गगनदीप ने बताया कि वह कालांवाली जाने के लिए सुबह सवा आठ बजे बडागुढ़ा से चलने वाली ट्रेन से कालांवाली ड्यूटी पर जाता है वहीं से बाइक चोरी हो गई।

---

### भूना रोड स्थित बीजेपी जिला कार्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित

# भाजपा की बैठक में अनदेखी से खफा कार्यकर्ताओं ने जमकर निकाली भड़ास

**अधिकारियों पर मनमानी व पूछ न होने का आरोप, बैठक में असहज दिखे विधायक दुड़ाराम**


फतेहाबाद। समीक्षा बैठक में पदाधिकारियों को संबोधित करते भाजपा नेता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

लोकसभा चुनावों में भाजपा को मिली करारी हार के बाद अब भाजपा नेता इसकी समीक्षा करने में लगे है। इसके मद्देजनर भाजपा की एक समीक्षा बैठक भूना रोड स्थित बीजेपी जिला कार्यालय में आयोजित हुई। इस बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में लोकसभा कलस्टर प्रभारी राव नरवीर सिंह ने भाग लिया। सिरसा सीट पर हुई भाजपा की हार पर कार्यकर्ताओं ने दो टूक कहा कि यहां अफसरशाही बेलगाम है। कार्यकर्ताओं की सुनवाई नहीं हो रही, यही कारण है कि कार्यकर्ता घर से बाहर नहीं निकले और पार्टी को हार का मुंह देखना पड़ा। बैठक में नगरपरिषद उपप्रधान सविता टुटेजा ने खुलकर आरोप लगाए कि नगरपरिषद के अधिकारी प्रधान और उपप्रधान को कोई तवज्जो नहीं देते। अधिकारी उनसे डिस्कस किए बिना ही मनमाने फैसले ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगरपरिषद के अधिकारियों ने हाल ही में 25 लाख की लागत से जेसीबी खरीदी है जिसकी जानकारी न प्रधान को है और न उन्हें है। जब उपप्रधान अधिकारियों पर आरोप लगा रही थी तब मीटिंग में मौजूद स्थानीय विधायक दुड़ाराम असहज नजर आ रहे थे। बता दें कि उपप्रधान सविता टुटेजा को विधायक दुड़ाराम का समर्थन समझा जाता है। उपप्रधान सविता टुटेजा के मुंह इतने आरोप सुनकर बैठक की अध्यक्षता कर रहे राव नरवीर सिंह ने इशारों से एक नेता से पूछा कि इसमें किसी की मिलीभगत है? सविता टुटेजा ने कहा कि अगर उन्होंने कालोनी का एक गड्ढा भी बंद करवाना हो तो उनका काम नहीं होता। उन्होंने जेसीबी खरीद में गोलमाल की भी आशंका जताई। नगरपरिषद के सारे विकास कार्यों का काम एक ही ठेकेदार को मिलने पर सविता टुटेजा ने कहा कि यह सब अधिकारियों की मिलीभगत है। उस ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। बैठक में बकायदा एक ठेकेदार गोलू का नाम भी उठा कि उसके खिलाफ जांच होनी चाहिए। बैठक में भूना के कार्यकर्ता कैलाश बंसल ने पुलिस प्रशासन पर जमकर आरोप जड़े और कहा कि वह किसी काम के लिए पुलिस के पास जाएं तो उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। इस पर राव नरवीर ने कहा कि वह इस बारे लिखकर दें, पुलिस कर्मचारी पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में टोहाना के बिंटू गर्ग ने कहा कि यदि भाजपा कार्यकर्ताओं की इस तरह अनदेखी होती रही तो विधानसभा चुनावों में नतीजे लोकसभा से भी खराब आएंगे। पता चला है कि भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं चेयरमैन भारत भूषण मिढ़ा ने भी चुनाव प्रबंधन के तौर-तरीकों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सभी कामों के अलग-अलग संयोजक होने चाहिए थे।

#### कार्यकर्ताओं ने अपने सुझाव दिए

सिरसा से आए वरिष्ठ कार्यकर्ता श्याम बजाज ने कहा कि कार्यकर्ताओं की सुनवाई नहीं होती इसलिए कार्यकर्ता मैदान में आने की बजाय अपने घर बैठ गए। बैठक में भाजपा के जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष व चुनाव प्रबंधक समिति के सदस्य मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता फतेहाबाद के जिलाध्यक्ष स. बलदेव सिंह ग्रोहा व सिरसा की जिलाध्यक्ष निताशा सिहाग ने की। विशेष तौर पर लोकसभा संयोजक आदित्य चौटाला, लोकसभा के प्रत्याशी रहे डॉ. अशोक तंवर व हरियाणा सरकार के चेयरमैन भारत भूषण मिढ्ढा, जिला प्रभारी सुरेन्द्र आर्य, विधायक दूड़ाराम, पूर्व विधायक बलकौर सिंह व रामचन्द्र कम्बोज उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान कार्यकर्ताओं ने अपने अपने सुझाव दिए तथा पार्टी को मजबूत बनाने पर चर्चा की गई। मंच संचालन जिला महामंत्री अशोक जाखड़ ने किया। राव नरवीर सिंह ने कहा कि विधानसभा चुनाव सिर पर है। मात्र तीन महीने का समय हमारे पास है, इसलिए सभी कार्यकर्ता अपनी अपनी कमर कस लें तथा चुनाव को लेकर तैयारियां शुरू कर दें। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता अभी से ही अपने अपने बूथों पर रोजाना कम से कम 1 या 2 घंटे का समय देकर जनता से सीधा सम्पर्क करें तथा प्रदेश की भाजपा सरकार की नीतियों व योजनाओं का प्रचार करें।

---

# संयुक्त कर्मचारी मंच इकाई की बैठक में गरजे कर्मचारी


सिरसा। शिव मंदिर धर्मशाला में बैठक करते कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चोपटा

- सरकार से मांगे पूरी करने के लिए कर्मचारी चलाएंगे आंदोलन

शिव मंदिर धर्मशाला नाथूसरी चोपटा में हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन से संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच चोपटा ईकाई की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कर्मचारीयों ने विभिन्न मांगों को लेकर सरकार के प्रति रोष जताते हुए नारेबाजी की। बैठक में एकत्रित कर्मचारियों ने हरियाणा सरकार मुर्दाबाद के नारे लगाए। बैठक की अध्यक्षता जगदीश दड़बा और संचालन शेर सिंह ने किया। इस मौके पर प्रांतीय उपाध्यक्ष धर्मपाल दरियापुर ने कहा कि 2 जून 2024 को करनाल में प्रांतीय अध्यक्ष कुलवंत शर्मा की अध्यक्षता में स्टेट मीटिंग हुई थी। उन्होंने बताया की प्रमुख अभियंता को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कर्मचारियों ने कई बार मांग पत्र सौंप दिया है लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। मीटिंग में फैसला लिया गया था कि 18 जून 2024 को परिमंडल अधीक्षक अभियंता के समक्ष प्रमुख अभियंता का पुतला दहन किया। जाएगा और सभी कर्मचारी सरकार के खिलाफ जुलूस प्रदर्शन करेंगे। इन्होंने बताया कि 28 जून को सिरसा में भी जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। एक मांग पत्र अधीक्षक अभियंता के माध्यम से प्रमुख अभियंता तक पहुंचाया जाएगा, जिसमें उनकी प्रमुख मांगे रहेगी कौशल रोजगार निगम का अपडेट चलाया जाए। टर्म अपॉइंटमेंट को कौशल रोजगार से बाहर करके उनको रेगुलर किया जाए। पुरानी पेंशन बहाल की जाए। यात्रा भत्ता दिया जाए। रिक्त पदों को पूरा करके रेगुलर किया जाए और बाकी नई भरती द्वारा पूरा किया जाए। बैठक में मुख्य वक्ता मनजीत सिंह, अमरीक, मोहनलाल, प्रेम शर्मा, जगजीवन, बजरंग, शेर सिंह, सुभाष, संदीप, राजेश सहित सैकड़ो कर्मचारियों ने भाग लिया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

---

# शराब ठेके का ताला तोड़कर हजारों का सामान चुराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



गांव भडोलांवाली में चोरों ने शराब ठेके का ताला तोड़कर हजारों का सामान चोरी कर लिया। पुलिस को दी शिकायत में गांव किरढ़ान निवासी आत्माराम ने कहा है कि वह शराब की दुकान पर सेल्जमैन का काम करता है। उसकी दुकान गांव भड़ोलांवाली में बलबीर शराब बेचने का काम करता है। गत दिवस रात को बलबीर दुकान बंद करके घर चला गया था। रात को अज्ञात चोर दुकान में घुस गए और वहां से इन्वर्टर, बैटरी, तीन पेटी शराब चोरी कर ले गए है। सुबह जब बलबीर दुकान पर आया तो उसने देखा कि दुकान का ताला टूटा पड़ा था और उक्त सामान गायब था। इस पर उन्होंने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

# फतेहाबाद पुलिस ने चलाया नशा मुक्त भारत पखवाड़ा

- 12 जून से 26 जून तक नशा मुक्त भारत पखवाड़ा चलाया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद


एसपी आस्था मोदी।

लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करने को लेकर फतेहाबाद पुलिस द्वारा 26 जून तक नशा मुक्त भारत पखवाड़ा चलाया जाएगा। पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी ने कहा है कि प्रत्येक वर्ष 26 जून को नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन लोगों में जागरुकता फैलाने के अलावा, नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ सरकार द्वारा उठाए गए कदमों पर प्रकाश डाला जाता है। इस आयोजन का उद्देश्य नशीली दवाओं के खतरे के बारे में जनता के बीच जागरूकता पैदा करना है। एसपी ने कहा कि फतेहाबाद पुलिस द्वारा 12 जून से 26 जून तक नशा मुक्त भारत पखवाड़ा चलाया जा रहा है। पखवाड़े के दौरान फतेहाबाद पुलिस अलग-अलग तरीकों से नागरिकों को नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ जागरूक कर 'ई-प्रतिज्ञा' लेने के लिए प्रोत्साहित करेगी। उन्होंने कहा कि युवाओं में नशीली दवाओं को दुरुपयोग बढ़ता जा रहा है और ये चिंता का विषय है। हमे नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम, नशीली दवाओं के दुष्प्रभावों के संबंध में जागरूकता पैदा करने और नशे से दूर रह नशा मुक्त जीवन यापन करने का प्रण लेना चाहिए। नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के पहले दिन फतेहाबाद पुलिस की अलग-अलग टीमों ने आमजन को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराया तथा नशा तस्करों पर कार्रवाई की। फतेहाबाद पुलिस ने 1 हेरोइन व 4 अवैध शराब तस्करों पर कार्रवाई करते हुए हजारो रुपये की हेरोइन व लाखों रुपये की शराब बरामद की है। एसपी ने कहा है कि फतेहाबाद पुलिस मादक पदाथार्ें की तस्करी में संलिप्त अपराधियों पर कार्रवाई कर नशीले पदाथार्ें की बरामदगी सुनिश्चित कर रही है। नशा करने वालों, तस्करी एवं उन से जुड़े व्यक्तियों की भी विभिन्न स्त्रोतों से पहचान की जा रही है। यदि किसी भी नागरिक को नशा तस्करी अन्य किसी भी अपराध की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम 01667- 220010 व 112 पर सूचित करे।

### टोहाना में दवाई लेने आई विवाहिता लापता

**फतेहाबाद।** टोहाना में दवाई लेने आई एक विवाहिता के लापता होने का समाचार है। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में उकलाना के गांव बिठमड़ा निवासी युवक ने कहा है कि वह अपनी 21 साल की पत्नी को दवाई दिलवाने के लिए टोहाना के संजीवनी अस्पताल में आए थे। उसने अस्पताल में पर्ची कटवाई और अपनी बारी के इंतजार में बैठे थे। इसी दौरान वह अपनी पत्नी के खाने के लिए सामान लेने के लिए बाजार चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस अस्पताल में आया तो उसने देखा कि वहां उसकी पत्नी नहीं थी। इस पर उसने उसकी काफी जगह तलाश की लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चला।

---

# पीपीपी में डाटा सत्यापन को लेकर लगेंगे कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

- 14 से 22 जून तक गांवों व शहरों में लगेंगे कैंप
- 53 आवेदन में से 14 का मौके पर ही निपटारा किया गया

परिवार पहचान पत्र में डाटा सत्यापन से संबंधित फतेहाबाद जिले के समस्त गांवों के स्कूलों, ग्राम सचिवालयों व शहर के वाडार्ें में 14 जून से 22 जून तक 368 बूथों पर 147 लोकेशन पर पीपीपी कैंपों का आयोजन किया जाएगा। नागरिक इन कैंपों के दौरान पीपीपी में डेट ऑफ बर्थ, आय सत्यापन, मैरिटल स्टेटस, स्पाउस नेम ठीक करवाना, दिव्यांग सर्टिफिकेट सत्यापन करवाना, जाति सत्यापन, बैंक अकाउंट, डुप्लीकेट मोबाइल नंबर और बुढ़ापा पेंशन से संबंधित आदि शिकायतों को दूर करवाकर समाधान करवा सकते हैं। सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन की ओर से जिला में समाधान शिविर लगाकर लोगों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। वीरवार को उपायुक्त राहुल नरवाल और पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी ने नागरिकों की समस्यायें सुनी। उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि 10 जून को कुल 53 आवेदन आए थे, जिनमें से 14 का मौके पर ही निपटारा कर दिया। इस प्रकार से 11 जून को 69 आवेदन आए, जिसमें से 24 का मौके पर निपटान हुआ। 12 जून को कुल 110 आवेदन आए जिनमें से 68 का मौके पर निपटाना किया गया। वीरवार को कुल 77 आवेदन आए जिनमें से मौके पर 33 निपटारा किया गया। इनमें से क्रिड के 71 आवेदन आए जिनमें से 30, समाज कल्याण विभाग से 3 आवेदन आए जिनमें से दो तथा प्रोपर्टी आईडी से एक आवेदन आया जिनका मौके पर ही समाधान कर दिया गया। शेष रही समस्याओं पर आगामी कार्यवाही की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी, एडीसी राहुल मोदी, अंडरट्रेनी आईएएस आकाश, डीएमसी संजय बिश्नोई सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

---

# पीडब्ल्यूडी मेकेनिकल कर्मचारी यूनियन की बैठक, अधिकारी के रवैये पर जताया रोष

- 14 जून को एक घंटे की सांकेतिक गेट मीटिंग व 18 को एक दिवसीय धरना देंगे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन सम्बंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ शाखा फतेहाबाद कार्यकारिणी की बैठक आज शाखा प्रधान सुभाष गुज्जर की अध्यक्षता में यूनियन कार्यालय में हुई। बैठक का संचालन महिपाल रावत ने किया। बैठक में मुख्य तौर पर जिला प्रधान शमशेर कुण्डू व जिला सचिव रामकरण प्रजापत ने भाग लिया। बैठक में सर्वसहमति से फैसला लिया गया कि लंबे समय से कर्मचारियों की लंबित जायज मांगों के समाधान को लेकर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडल फतेहाबाद के कार्यकारी अभियंता से मुलाकात की जाएगी और उनके समक्ष कर्मचारियों की समस्याओं को विस्तार से रखते हुए इनका जल्द समाधान करने की मांग की जाएगी। बैठक को संबोधित करते हुए शाखा प्रधान सुभाष गुज्जर ने कहा कि कार्यकारी अभियंता को बार-बार आग्रह करने के बावजूद वे कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं है। अधिकारी के पास संगठन से मिलने तक का समय नहीं है। ऐसे में अधिकारी के रवैये से कर्मचारियों में काफी रोष है।

#### समाधान न करने पर प्रदर्शन की दी चेतावनी

उन्होंने कहा कि जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता बातचीत से समस्याओं का समाधान करने की बजाय संगठन से टकराव की स्थिति पैदा करना चाहते हैं। ऐसे में बैठक में कर्मचारियों ने सर्वसहमति से फैसला लिया कि अगर समय रहते अधिकारी द्वारा संगठन के प्रतिनिधिमंडल को बातचीत के लिए नहीं बुलाया जाता और कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता तो संगठन द्वारा 14 जून को एक घंटे की सांकेतिक गेट मीटिंग कर अधिकारी के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद भी अधिकारी के रवैये में सकारात्मक बदलाव नहीं हुआ तो कर्मचारी 18 जून को एक दिन का सांकेतिक धरना देने पर मजबूर होंगे। इसके बाद भी मांगें न माने जाने पर धरने को अनिश्चितकालीन कर दिया जाएगा, जिसकी सारी जिम्मेवारी कार्यकारी अभियंता की होगी।

---

### एचएसआरएलएम के खंड कार्यालय में स्वयं सहायता समूहों ने लगाई निर्मित उत्पादों की

# साझा बाजार में दो दुकानें समूह के उत्पादों के लिए की जाएंगी आरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद


फतेहाबाद। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन करते जिप सीईओ सुरेश कुमार।

समूह सदस्य अपने उत्पादों की संख्या बढ़ाने के साथ-साथ उनकी क्वालिटी पर भी फोकस करें, ताकि आपके द्वारा तैयार उत्पाद मार्केट में आसानी से जगह बना सके और आपको आर्थिक लाभ मिल सके। यह बात जिला परिषद के सीईओ एवं एचएसआरएलएम के जिला मिशन निदेशक सुरेश कुमार ने एचएसआरएलम द्वारा खंड कार्यालय में स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कही। उन्होंने कार्यक्रम में जिला के सभी खंडों से स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी की विजिट करके सभी सदस्यों से उनके उत्पादों के बारे में गहनता से जानकारी ली व उत्पादों की गुणवत्ता कैसी बढ़ाने के सुझाव दिए। कार्यक्रम के दौरान समूहों के सदस्यों को समूह सदस्यों द्वारा तैयार उत्पादों से संबंधित लघु फिल्म दिखाई गई। जिप सीईओ सुरेश कुमार ने बताया कि उनके उत्पादों की क्वालिटी बरकरार रखते हुए उत्पादों की संख्या को बढ़ाना है। इसके साथ ही उत्पाद की ब्रांडिंग, मार्केटिंग व पैकेजिंग किस प्रकार से होनी चाहिए, इस पर अपने सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि प्रशासन की ओर से हर संभव मदद स्वयं सहायता समूह के सदस्यों द्वारा तैयार उत्पादों को दिलवाई जाएगी।

#### समूह उत्पादों की दुकान लगवाने का प्रयास किया जाएगा

जैसे फतेहाबाद शहर में साझा बाजार में दो दुकानें समूह के उत्पादों के लिए आरक्षित की जाएंगी ताकि वहां पर समूह की महिलाए प्रतिदिन के किराए के हिसाब से दुकान किराए पर लेकर अपना सामान बेच सकेंगी। सीईओ सुरेश कुमार ने महिलाओं का ज्ञानवर्धन करते हुए बताया कि समूह सदस्य सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी वाली स्कीमों का फायदा लेकर अपने व्यापार को और अधिक बढ़ा सकते हैं। उन्होंने समूह की महिलाओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि फतेहाबाद में ट्रेड फेयर चल रहा है, जहां पर समूह उत्पादों की दुकान लगवाने का प्रयास किया जाएगा ताकि समूह सदस्य का परिवार आर्थिक उन्नति के पथ पर आगे बढ़ सके। उन्होंने बताया कि जिन गांव में पंचायत जमीन मुहैया करवाएगी उन गांव में पंचायत विभाग की ओर से समूह की महिलाओं की बैठक व सामुहिक कार्य करने के लिए शैड का निर्माण करवाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान एमएसएमई के डिप्टी डायरेक्टर गुरतेज ने महिलाओं को पीएमएफएमई स्कीम के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर डीएफएम एफआई सुभाष सैनी, एलडीएफए रिजनल कोऑर्डिनेटर नारायण, बीपीएम सुभाष, अमित, अनिल कुमार, जितेंद्र, नरेश, सुनील, सुशील, एबीपीओ सौरभ, संदीप, एलडीएफए अंजू, रमेश कुमार, सतपाल, सुमित, सीमा, निशा, बाला सहित समूह की अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।

### फौजियों के घर से लाखों के गहने व नकदी चोरी

**फतेहाबाद।** गांव ढाणी गोपाल में चोरों ने फौजियों के मकान में घुसकर वहां से लाखों रुपये के गहने व नकदी चोरी कर ली। इस बारे सूचना मिलते ही भूना पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी है। भूना पुलिस को दी शिकायत में ढाणी गोपाल निवासी बनारसी ने कहा है कि उसके दोनों लड़के फौजी है और अपनी ड्यूटी पर गए हुए है। गत दिवस वह अपनी पुत्रवधू के साथ घर के आंगन में सोई हुई थी। सुबह करीब साढ़े 5 बजे जब वह उठी तो उसने देखा कि घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था और मकान के पीछे की खिड़की टूटी हुई थी। इस पर जब उन्होंने घर के सामान की जांच की तो पता चला कि अज्ञात चोर उसके मकान से करीब 27 तोले सोने के औश्र 20 तोले चांदी के गहनों के अलावा 85 हजार रुपये की नकदी गायब थी।



सेलिब्रेशन / अनुराग मनींद्र

हर बच्चे को अपने पापा से बहुत प्यार होता है, लेकिन वह इसे ना कह पाता है, ना जता पाता है। फादर्स-डे एक ऐसा मौका है, जब तुम अपने पापा के लिए दिल में जो फीलिंग्स रखते हो, उसे एक्सप्रेस कर सकते हो। इस खास दिन पर तुम्हारा प्यार और सम्मान पाकर पापा बहुत खुश होंगे। फादर्स-डे पर तुम अपने पापा के साथ अपनी फीलिंग्स कैसे शेयर करो, जानो।

# अपने पापा से बोलो यू आर द बेस्ट!

बच्चों, हम सभी के लिए हमारे पापा किसी सुपर हीरो की तरह होते हैं। वह हमारी हर ख्वाहिश ही नहीं, हर छोटी-बड़ी जरूरतों का भी ध्यान रखते हैं, इन्हें पूरा भी करते हैं। हमारी हर फरमाइश को झट से पूरी कर देते हैं, लेकिन ऐसी कोई फरमाइश पूरी नहीं करते, जिससे हमारा नुकसान हो। हमारे पापा किसी तरह की प्रॉब्लम होने पर या किसी मुसीबत में घिरने पर हमें उससे उबारते भी हैं। इस तरह वह हमेशा हमारे साथ खड़े रहते हैं। वह हमारे सुरक्षित जीवन को लेकर चिंतित रहते हैं। साथ ही हमारे उज्ज्वल भविष्य के लिए भी प्रयासरत रहते हैं।



### हमारा भी है पापा के प्रति फर्ज

बच्चों, जब हमारे पापा हमारा इतना ध्यान रखते हैं तो हमारा भी उनके प्रति फर्ज है कि हम भी उनके लिए कुछ अच्छा करें। वैसे तो हमें हर दिन अपने पापा के प्रति प्यार और सम्मान प्रकट करना चाहिए। लेकिन जब मौका फादर्स-डे का हो तो हमें उन्हें कुछ स्पेशल जरूर फील करवाना चाहिए। बच्चों, यहां हम तुम्हें कुछ आइडियाज दे रहे हैं, इनमें से कोई आइडिया फादर्स-डे पर अपना कर अपने पापा को स्पेशल फील करा सकते हो।

### पापा से शेयर करो अपनी फीलिंग्स

फादर्स-डे पर अपने पापा को यह जरूर बताओ कि वे तुम्हारे लिए कितने इंपॉर्टेंट हैं। तुम उनसे बहुत प्यार करते हो, उनकी बहुत रेस्पेक्ट भी करते हो। वह 'दुनिया के बेस्ट पापा' हैं। यह बात तुम कुछ अलग ढंग से भी कह सकते हो, जैसे- उनके व्हाट्सएप पर वॉइस-मैसेज भेज सकते हो या फिर पापा के नाम प्यारा-सा लेटर भी लिख कर तुम उनके प्रति अपनी फीलिंग्स एक्सप्रेस कर सकते हो। पापा जब तुम्हारा वॉइस-मैसेज सुनेंगे या लेटर पढ़ेंगे, उन्हें बहुत ही अच्छा लगेगा, वह बहुत खुश होंगे।



### पापा को दो प्यारा-सा गिफ्ट


फादर्स-डे वाले दिन तुम अपने प्यारे पापा को कोई लवली गिफ्ट भी दे सकते हो। तुम्हें पॉकेट मनी तो मिलती ही होगी, तुम उसी में सेव की हुई मनी या फिर मम्मी से पैसे लेकर अपने पापा के लिए कोई अच्छा-सा गिफ्ट खरीद कर उन्हें दे सकते हो। तुम अपने पापा को पेन, टाई, बेल्ट, वॉलेट, शर्ट, परफ्यूम या कॉफी मग जैसी कोई ऐसी चीज गिफ्ट में दे सकते हो, जो उनके काम की हो। जब उन्हें इस तरह का कोई गिफ्ट मिलेगा, वे बहुत खुश होंगे। उन्हें लगेगा कि तुम उनका कितना ख्याल रखते हो। इसके अलावा तुम पापा को अपने हाथों से बनाया कोई प्यारा-सा कार्ड भी दे सकते हो।

### अपने पापा की मानो हर बात

बच्चों, जैसे पापा तुम्हारी हर फरमाइश पूरी करते हैं, वैसे ही तुम्हें भी अपने पापा की हर बात माननी चाहिए। इस बात का ध्यान रखो, वे जो भी कहते हैं, तुम्हारी भलाई के लिए ही कहते हैं। अगर तुम उनकी बताई और समझाई बातों पर अमल करोगे तो निश्चित ही जीवन में सफल होगे। यह ध्यान रखो, तुम्हारी खुशी में ही तुम्हारे पापा की खुशी है। तो बच्चों इस फादर्स-डे पर अपने आप से प्रॉमिस करो कि तुम अपने पापा की हर बात मानोगे। बच्चों, तुम्हारी यह कोशिश होनी चाहिए कि कुछ ऐसा करते रहो, जिससे तुम्हारे पापा को तुम पर प्राउड हो। यह पापा के लिए तुम्हारी तरफ से बेस्ट गिफ्ट होगा। उन्हें खुशियों से भर देगा। *

### अपने पापा के पापा को नहीं भूलना

बच्चों, तुम्हारे पापा-मम्मी 'फादर्स-डे' पर अपने-अपने पापा यानी तुम्हारे दादाजी और नानाजी को विश करेंगे ही! तुम भी उन्हें जरूर विश करना। अगर तुम्हारे दादाजी तुम्हारे साथ रहते हैं, तो फादर्स-डे पर तुम उन्हें विश करो। यह ना भूलो कि वह तुम्हारे पापा के पापा हैं, घर में सबसे बड़े हैं, उन्हें सबका प्यार और सम्मान मिलना ही चाहिए। अगर दादाजी तुम्हारे साथ नहीं रहते हैं, अपने होम टाउन में रहते हैं तो उन्हें वॉयस-कॉल या वीडियो-कॉल करके विश करो, उन्हें बहुत अच्छा लगेगा। सिर्फ दादाजी को ही नहीं, तुम अपनी मम्मी के पापा यानी अपने नानाजी को भी 'हैप्पी फादर्स-डे' कहकर जरूर विश करो, उन्हें भी बहुत ज्यादा खुशी होगी।



जानकारी / नयनतारा

# फादर्स-डे की कब हुई शुरुआत

हर बच्चे को अपने पापा दुनिया के सबसे प्यारे, न्यारे पापा लगते हैं। इसलिए बच्चे, फादर्स-डे को बहुत उत्साह-उमंग से सेलिब्रेट करते हैं। क्या तुम जानते हो फादर्स-डे की शुरुआत कब से और किस देश से हुई, जानो।




बच्चों, अपने पिता के प्रति सम्मान और प्यार प्रकट करने के लिए हम प्रत्येक वर्ष जून माह के तीसरे रविवार को फादर्स-डे मनाते हैं। फादर्स-डे की शुरुआत कब से और कहां से हुई? यह तुम जरूर जानना चाहोगे। हम यहां इसकी पूरी जानकारी विस्तार से तुम्हें दे रहे हैं।

**एक बेटी ने की शुरुआत :** बच्चों, अमेरिका की सोनोरा स्मार्ट डोड नाम की महिला ने अपने और दुनिया के सभी पिताओं को सम्मान दिलाने के लिए फादर्स-डे मनाने की शुरुआत की। असल में सोनोरा ने देखा कि उसके पिता विलियम जैक्सन स्मार्ट अपने बच्चों से बहुत प्यार करते थे। सोनोरा ने यह भी देखा-जाना कि जिस तरह से उसके पिता अपने सभी बच्चों से प्यार करते हैं, हर तरह से अपने बच्चों के सुख और उनकी खुशी के लिए समर्पित रहते हैं, वही प्यार और समर्पण सभी पिताओं में अपने बच्चों के प्रति दिखता है। ऐसे में सोनोरा के दिमाग में आया कि बच्चों का भी फर्ज बनता है कि वे अपने पिता के प्यार, समर्पण और त्याग के लिए कृतज्ञता व्यक्त करें। उनकी इसी सोच ने उन्हें फादर्स-डे मनाने के लिए प्रेरित किया। बस फिर सोनोरा स्मार्ट डोड ने फादर्स-डे मनाया। उसने हर साल इसे सेलिब्रेट किया, दूसरे लोग भी सोनोरा की तरह इसे सेलिब्रेट करने लगे।



सोनोरा स्मार्ट और उनके पिता विलियम जैक्सन स्मार्ट

**फादर्स-डे के लिए तय हुआ जून का तीसरा रविवार :** जब अमेरिका में जगह-जगह फादर्स-डे मनाया जाने लगा तो राष्ट्रपति लिंडन जॉनसन ने साल 1966 में जून महीने के तीसरे रविवार को पिताओं के सम्मान में फादर्स-डे के रूप में मनाए जाने के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किया। बाद में 1972 में अमेरिका में फादर्स-डे पर सरकारी छुट्टी घोषित की गई। इसके बाद से दुनिया के लगभग सभी देशों में फादर्स-डे मनाए जाने की शुरुआत हुई। हाल के वर्षों में भारत में भी यह बहुत उत्साह से मनाया जाने लगा।

**अलग-अलग डेट्स पर फादर्स-डे :** बच्चों, अमेरिका के साथ-साथ भारत, ब्रिटेन, कनाडा जैसे ज्यादातर देशों में फादर्स-डे जून महीने के तीसरे रविवार को ही मनाया जाता है। लेकिन बहुत-से देशों में यह अन्य तारीखों और दिनों को भी मनाया जाता है। ऑस्ट्रेलिया में यह सितंबर के पहले रविवार को मनाया जाता है। नॉर्वे, स्वीडन और फिनलैंड में नवंबर के दूसरे रविवार को मनाया जाता है। ताइवान में यह आठवें महीने की आठ तारीख यानी आठ अगस्त को मनाते हैं, क्योंकि मैंडरिन भाषा में आठ यानी 'एट' का उच्चारण 'डैड' से मिलता-जुलता होता है। इस तरह फादर्स-डे आज दुनिया के अधिकांश देशों में लोग सेलिब्रेट करते हैं। लोग अपने पिता के प्रति अपनी प्यारी और खूबसूरत भावनाएं प्रकट करते हैं। पिता भी अपने बच्चों का प्यार पाकर बहुत खुश होते हैं, उन्हें अपना आशीर्वाद देते हैं। बच्चों, तुम भी हर बार फादर्स-डे जरूर मनाया करो। हैप्पी फादर्स-डे...! *

## जीके क्विज-108

1. हाल में आंध्र प्रदेश और ओड़ीशा राज्य के मुख्य मंत्री पद की शपथ किसने ली है?
2. कुछ समय पूर्व ही 55 वर्ष की आयु में माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली सबसे उम्रदराज भारतीय महिला कौन बनी हैं?
3. गाजर में कौन-सा विटामिन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
4. 'हिंद स्वराज' नामक पुस्तक किसने लिखी?
5. भारत में मुगल साम्राज्य की स्थापना किसने की थी?
6. मैकमोहन रेखा किन दो देशों के बीच सीमा बनाती है?
7. त्रिपिटक का संबंध किस धर्म से है?
8. दूध की शुद्धता मापने के लिए किस यंत्र का प्रयोग किया जाता है?
9. उस्ताद जाकिर हुसैन का संबंध किस वाद्य यंत्र से है?
10. भारत में मीठे पानी की सबसे बड़ी झील कौन-सी है?



**बच्चों, जीके क्विज-108 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-107 का उत्तर :** 1.अग्निबाण, 2.भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), 3.आगरा, 4.बांग्लादेश, 5.सरदार वल्लभ भाई पटेल, 6.गंगा डॉल्फिन, 7. तैराकी (स्वीमिंग), 8.असम, 9. बंकिमचंद्र चट्टापाध्याय, 10.बंबई से ठाणे

**जीके क्विज-107 का सही उत्तर देने वाले :** नितिन-दुर्ग, हर्षिता-ईमेल से, अभि-शहडोल, मानवी मधुकर-बिलासपुर, क्षमानिधि-बेमेतरा, पोषण-बेमेतरा, शुभम-बिलासपुर, पवन-जींद, दीक्षा-रायपुर, सरबजीत-करनाल, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, बी. ईशान-अहमदाबाद

## हंसगुल्ले

**पापा** : आज मैथ्स के टेस्ट में तुम्हारे कितने नंबर आए?
**सोनू** : मोनू से 20 नंबर कम।
**पापा** : अच्छा, मोनू के कितने नंबर आए?
सोनू : 20 नंबर।

**-रंजीत, हिसार**

**नव्या** : अगर नदी में नीबू का पेड़ है, तो नीबू कैसे तोड़ेंगे?
**नैंसी** : चिड़िया बनकर।
**नव्या** : अरे, तुम्हें चिड़िया कौन बनाएगा?
**नैंसी** : वही, जिसने नदी में नीबू का पेड़ लगाया होगा।

**-खुशबू, रायपुर**



**मम्मी** : तुम क्या लिख रहे हो बेटा?
**रोहन** : मम्मी, मैं गर्मी को लेटर लिख रहा हूं।
**मम्मी** : अच्छा! क्या लिख रहे हो लेटर में?
**रोहन** : 'डियर गर्मी, हिम्मत है तो दिसंबर-जनवरी में आओ।'

**-शुभम, भोपाल**

कहानी

डॉ. मंजरी शुक्ला

मयंक अपने पापा को फादर्स-डे पर टचस्क्रीन वाला मोबाइल गिफ्ट देना चाहता था, क्योंकि पुराने की-पैड वाले मोबाइल के इस्तेमाल से पापा की अंगुलियों में जोरों से दर्द होता था। मोबाइल लेने के चक्कर में मयंक ने नादानी में एक ऐसी हरकत की, जो उसे नहीं करनी चाहिए थी। मयंक को बहुत आत्मग्लानि हुई। क्या मयंक के पापा को नया मोबाइल मिल सका?

# हैप्पी फादर्स-डे



मयंक बैठा कुछ सोच रहा था। मम्मी सामने आईं तो बोला, 'मुझे पापा को नया मोबाइल लाकर देना है।' मम्मी को यह सुनकर हंसी आ गई, वह बोलीं, 'तू अभी इतना छोटा है। आठवीं कक्षा में पढ़ता है, तेरी कोई कमाई-वमाई है नहीं, कहां से लाएगा मोबाइल?'

'पर पापा का मोबाइल कितना खराब हो चुका है।' मयंक दुखी स्वर में बोला। मम्मी ने मयंक को दुखी देखा तो आगे कुछ नहीं बोलीं। चुपचाप वहां से चली गईं। मयंक घर से बाहर निकल आया। सड़क की ओर अपने ऑटो में बैठे पापा छोटे-से बटन वाले मोबाइल के साथ जूझ रहे थे।

मयंक उनके पास जाकर बोला, 'जब आपके अंगूठे की हड्डी बढ़ी हुई है, अंगुलियों में सूजन रहती है तो टचस्क्रीन वाला मोबाइल ले लीजिए ना। उसे यूज करने में आपको परेशानी नहीं होगी।'

पापा ने अपने पुराने से पीले और काले रंग के ऑटो की तरफ देखा और बोले, 'मैं तो सारा दिन ऑटो चलाता हूं। किसी को फोन करता ही नहीं। यह मोबाइल तो सिर्फ इसलिए है, लोग मुझे फोन करके बुला सकें।'

मयंक को रोना आ गया। वह बिना कुछ कहे चल दिया और कुछ दूर जाकर बैठ गया। उसने देखा कि मोबाइल का बटन जोर से दबाने के कारण पापा के हाथ में दर्द होता है, वे 'आह' बोलते हैं। तभी मयंक का दोस्त अमित आ गया। मयंक को देखते ही अमित बोला, 'मैं पापा के लिए 'फादर्स-डे' का गिफ्ट लेने जा रहा हूं। तू मेरे साथ चलेगा?'

'क्या देगा गिफ्ट में?' मयंक ने उत्सुकता से पूछा।

'मोबाइल!' कहते हुए अमित मुस्कुराया। मयंक को और जोर से रोना आ गया। उसने पापा की तरफ देखा जो मोबाइल की घंटी बजने के बाद भी बटन नहीं दबा पा रहे थे। वह आंसू पोंछते हुए अमित के साथ चल दिया। मोबाइल की दुकान पर बहुत भीड़ थी। अमित बोला, 'आज दुकानदार शायद किसी नौसिखिए को अपनी जगह बैठा गया है। देखो तो, कैसी धक्का-मुक्की मची हुई है।'

तभी मयंक की नजर एक मोबाइल पर पड़ी। उसने मन ही मन सोचा, 'सुनहरे रंग का यह खूबसूरत टच-स्क्रीन मोबाइल अगर मैं ले लेता हूं तो पापा को पुराने बटन वाले मोबाइल से छुटकारा मिल जाएगा।' मयंक ने भीड़ का फायदा उठाते हुए कांपते हाथों से मोबाइल उठाकर पैंट की जेब में डाल लिया। तब तक अमित ने अपने मोबाइल के पैसे दे दिए थे। दोनों दुकान के बाहर आ गए।

अमित बोला, 'मैंने कब से सोच रखा था, फादर्स-डे पर पापा को मोबाइल देने के लिए।'

'तुम्हारे पास पैसे कहां से आए?' मयंक ने पूछा।

अमित ने बताया, 'मेरे घर के पास एक आंटी घायल और बीमार डॉगीज के लिए एनजीओ चलाती हैं...।'

'हां-हां, देखा है मैंने। मैंने वहां पर कई डॉगीज भी देखे हैं।' मयंक बीच में ही अमित से बोला।

अमित ने आगे बताया, 'स्कूल से आने के बाद मैं रोज दो घंटे के लिए वहां जाता हूं। वहां डॉगीज को खाना देता हूं, उन्हें वेटरनरी डॉक्टर के पास ले जाता हूं। मुझे उनकी सेवा करके बहुत खुशी मिलती है। इस काम के बदले आंटी मुझे पैसे देती हैं, वो अलग।' अमित यह सब बहुत ही खुशी और गर्व के साथ बता रहा था।

'फादर्स-डे पर अपने पापा को चोरी का मोबाइल देकर क्या मैं गलत नहीं करूंगा? पापा को जब सच्चाई का पता चलेगा, तो उन्हें कितना दुख होगा, वह एक शर्मिंदगी महसूस करेंगे!' अमित की बातें सुनकर मयंक मन ही मन सोचने लगा।

मयंक को खयालों में गुम देखकर अमित ने उसे टोका, 'अब बीच सड़क पर खड़े होकर क्या सोचने लगे?'

'मैं अभी आया..।' कहते हुए मयंक ने दुकान की तरफ दौड़ लगा दी और भीड़ में जहां से मोबाइल उठाया था, वहीं रखकर वापस चला आया।

शाम को जब मयंक के पापा घर लौटे, तो वे अपने बेटे से बोले, 'सुबह तू मेरा दर्द देखकर बहुत दुखी था ना, तो मैंने किश्तों पर टचस्क्रीन मोबाइल ले लिया है।'

'पर मैं आपको कोई गिफ्ट नहीं दे पाया।' मयंक भरे गले से बोला।

'तू पढ़-लिख कर एक ईमानदार इंसान बने, बस यही मेरा सबसे बड़ा गिफ्ट है।' पापा ने प्यार से उसके सिर पर हाथ फेरते हुए कहा। मयंक खुशी के मारे उनके गले लग गया और सुबकते हुए धीरे से बोला, 'हैप्पी फादर्स-डे।' *

कविता

डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'



## पापा जी

इतने अच्छे, सबको भाते पापा जी,
जाते सुबह, शाम को आते पापा जी।
हंसते-हंसते काम सभी निबटाते हैं,
बिल्कुल आलस नहीं दिखाते पापा जी।
बिना जगाए ही तड़के जग जाते हैं,
बोलो कहां अलार्म लगाते पापा जी।
तरह-तरह के योग नियम से करते हैं,
पूजा करते, ध्यान लगाते पापा जी।
खूब मिठाई, फल, मेवे, नमकीन अहा!
झोला भर-भर कर घर लाते पापा जी।
नहीं बहाना और नहीं आनाकानी,
जो भी चाहूं, मुझे दिलाते पापा जी।
समय मिले तो साथ खेलते-खाते हैं,
बच्चों में बच्चा बन जाते पापा जी।
दादी जी के सर में चंपी करते हैं,
दादा जी के पैर दबाते पापा जी।
सबकी सेवा में रहते मशगूल सदा,
सुख बरसाकर, सुख हैं पाते पापा जी।
अच्छे नंबर देख हमारे खुश होते,
हां जी, फूले नहीं समाते पापा जी।
कैसे उनकी सेवा करें, चलो सोचें,
खुद तो कुछ भी नहीं बताते पापा जी।

## रंग भरो-152

**रंग भरो-152** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





दिव्यांश, दुर्ग



उदय, बालोद



रितेश, मटियारी



सृष्टि, रायपुर



अपर्णा, कबीरधाम



अंकिता, धमतरी

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

यशिका-बिलासपुर, टियांश-रायपुर, तक्षित-बिलासपुर, सारिका-हिसार, समृद्धि-शहडोल, सक्षम और समर्थ-रायपुर, रेणु-ईमेल से, राजनंदिनी-रायपुर, सुयश-बिलासपुर, पलक-धमतरी, ऐश्वर्या-कोंडागांव, शुभम-बिलासपुर, दिनकर-कटनी

## रंग भरो 153

बच्चों, यहां हम फादर्स-डे से जुड़ा एक चित्र दे रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।



## परछाई पहचानो

बच्चों, यहां अपने पापा के कंधे पर बैठकर मस्ती कर रहे बच्चे के चार चित्र और उसके बगल में एक परछाई दी गई है। तुमको जल्दी से यह बताना है कि यह परछाई किस चित्र की है?



उत्तर : D



## खबर संक्षेप

### मलेरिया व डेंगू से बचाव को लेकर रहें सतर्क

**चरखी दादरी।** गर्मी के मौसम में मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है, जिससे मच्छर जनित रोग जैसे मलेरिया, डेंगू आदि के संक्रमण का खतरा भी बढ़ जाता है। ऐसे में घर के आस-पास एवं घर के अन्दर मच्छरों के पनपने के स्थान या घरों के आस-पास होने वाले जल जमाव, गमले एवं पशु-पक्षियों के पानी पीने के पात्र एवं घरों की छतों पर रखी अनुपयोगी वस्तुओं का समुचित निस्तारण किया जाना अति आवश्यक है।

### वन कर्मचारी संघ हरियाणा का राज्य सम्मेलन 15 को

**भिवानी।** वन कर्मचारी संघ हरियाणा का राज्य सम्मेलन आगामी 15 जून को सर्व कर्मचारी संघ भवन, सुखपुरा चौक रोहतक में आयोजित किया जायेगा। संघ की सांगठनिक कमेटी के संयोजक बलबीर सिंह व सदस्य अमित बुमराह ने संयुक्त रूप से बताया कि सम्मेलन में वन विभाग की उपेक्षा करने से हो रहे वायु प्रदूषण व वर्षा में बढ़ती बीमारियों पर चर्चा करते हुए खाली पदों पर भर्ती कराने आदि मा

### फुटबॉल नर्सरी के लिए ट्रायल कल

**बवानीखेड़ा।** हरियाणा सरकार व खेल एवं युवा कार्यक्त्रम विभाग भिवानी द्वारा अलॉट की गई गाँव जाटू लोहारी के सरकारी स्कूल के ग्राउंड में ट्रायल कल ली जाएगी। उक्त जानकारी देते हुए ग्राउंड कोच पूर्व सूबेदार नेपाल सिंह तंवर ने बताया इच्छुक खिलाड़ी कल सुबह ठीक 9 बजे सरकारी स्कूल के फुटबॉल ग्राउंड में अपने आधार कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र के साथ पहुँचे और ट्रायल देकर सरकारी फुटबॉल नर्सरी की टीम का हिस्सा बनें ।

### मुख्यमंत्री राहत कोष समीक्षा कमेटी की मीटिंग आयोजित

**चरखी दादरी।** उपायुक्त मनदीप कौर के निर्देशों पर नगराधीश आशीष सांगवान की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री राहत कोष के अंतर्गत आर्थिक सहायता के लिए जिला स्तरीय कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया।

विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए

# पुलिस टीमों ने आमजन को नशे के खिलाफ किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

जिला भर में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष पखवाड़े के तहत जिला की नाथूसरी, सदर सिरसा, रोड़ी, शहर सिरसा, ऐलनाबाद व रानियां पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर आमजन तथा युवाओं को नशा जैसी सामाजिक बुराई के बारे में जागरूक किया।

रानियां के वार्ड नंबर 9 में आयोजित कार्यक्रम में रानियां थाना की पुलिस टीम ने उपस्थित लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करते हुए कहा कि नशा समाज के लिए घातक है, और समाज की अर्थव्यवस्था पर भी बुरा प्रभाव डालता है। जिस परिवार में नशा प्रवेश कर जाता है, वह परिवार कई पीढियां तक संभल नहीं पाता। नशा जहां शरीर पर बुरा असर डालता है, वही आर्थिक रूप से भी व्यक्ति को कमजोर करता है। नाथूसरी चोपटा थाना के गांव शकर मंदोरी में आयोजित कार्यक्त्रम में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सत्यवान ने उपस्थित लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करते हुए कहा कि वे स्वयं नशे से दूर रहें तथा अपने बच्चों की दैनिक गतिविधियों पर निगाह रखें तथा उन्हें शिक्षा तथा खेलकूद जैसी गतिविधियों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। सदर थाना के गांव बाजेकां में आयोजित कार्यक्रम में थाना के प्रभारी उप निरीक्षक जगदीश चंद्र ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण के नेतृत्व में पुलिस जिला सिरसा में नशे के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है, परंतु इस अभियान की पूर्ण सफलता के लिए जन सहयोग अति आवश्यक है। वहीं युवाओं को खेल गतिविधियों के माध्यम से नशे के खिलाफ जागरूक भी किया जा रहा है। रोड़ी थाना प्रभारी रामचंद्र ने गांव रोड़ी में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को नशे से दूर रहने का आह्वान करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों की दैनिक गतिविधियों पर निगाहें रखें तथा उन्हें नशे से दूर रहने तथा शिक्षा व खेलकूद में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। शहर थाना सिरसा की बस स्टैंड पुलिस चौकी पर आयोजित कार्यक्रम में पुलिस टीम ने उपस्थित लोगों से कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है और इस बुराई को समाज से मिटाने के लिए समाज के सभी लोगों को आगे आकर अहम भूमिका निभानी होगी, ताकि समाज को पूरी तरह से नशा मुक्त किया जा सके। ऐलनाबाद थाना क्षेत्र के गांव मिर्जापुर में आयोजित कार्यक्त्रम में थाना प्रभारी संदीप कुमार ने उपस्थित लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करते हुए कहा कि पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण के नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ जोरदार अभियान चलाया जा रहा है, परंतु इस अभियान में जन सहयोग अति आवश्यक है।



सिरसा। खिलाड़ियों के साथ पुलिस अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

# नाथूसरी चोपटा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन



सिरसा। शिविर में रक्तदान करता एक व्यक्ति।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चोपटा

नाथूसरी चोपटा में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का शुभारंभ 106 बार रक्तदान कर चुके ब्लड मैन आफ इंडिया अमर सिंह नायक ने किया। इस दौरान पूर्व विधायक भरत सिंह बैनीवाल, नाथूसरी कला की सरपंच रीटा जगतपाल कासनिया, रिदम अस्पताल के संचालक राकेश कुमार ने शिरकत की। शिविर में 105 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। नोहर रोड़ पर स्थित रिदम अस्पताल के दूसरे स्थापना दिवस पर आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान कैंप में युवाओं व महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस कैंप का आयोजन रिदम अस्पताल के डॉ. राकेश कुमार सहारण, लाइफ लाइन लैब के संचालक मनोज कुमार, संदीप बैनीवाल, मास्टर बंशी लाल, कुलवंत कासनियां ने सभी का स्वागत किया। शुभारंभ अवसर पर ब्लड मैन ऑफ इंडिया अमर सिंह नायक ने कहा कि अब तक 106 बार रक्तदान किया है। इस अवसर पर सिविल अस्पताल सिरसा व रेड क्त्रॉस सोसायटी द्वारा रक्त संग्रह किया गया। सिविल अस्पताल सिरसा ब्लड बैंक से करनेल सिंह, बंसत कुमार सैनी,मलुक सिंह, अनिल कुमार सरिता रानी तथा रेड क्त्रॉस सोसायटी सिरसा से सचिव लाल बहादुर बैनिवाल, सहायक सचिव गुरमीत सिंह सैनी मौजूद रहे। कैंप की खास बात ये रही कि ब्लड मैन ऑफ इंडिया के नाम से प्रसिद्ध अमर सिंह नायक स्योदान पूरा ने शिरकत की। अमर सिंह ने 106 बार रक्त दान करके गिनीज बुक रिकॉर्ड भी अपने नाम कायम किया है। इनके सहयोगी समाज सेवी लाभ चंद आर्य ब्रह्मसर, दया राम ढिल्ल पर्यावरण रक्षक वेद हंस राज स्वामी, समाज सेवी सरदार कुलवंत सिंह मौजूद रहे। समापन अवसर पर रक्तदाताओं को प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया।

# जिले में 118 प्ले स्कूलों में करवाए जाएंगे विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

जिला के प्ले स्कूलों में प्राथमिकता के आधार पर करवाए जाने वाले कामों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। एक जुलाई से प्ले स्कूल खुल जाएंगे, उससे पहले ये विकास कार्य पूरे होने चाहिए। यह निर्देश एडीसी राहुल मोदी ने लघु सचिवालय के सभागार में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक लेते हुए दिए। एडीसी ने बताया कि जिला के 118 प्ले स्कूलों में शौचालय, बिजली, पानी, छत की रिपेयर, दरवाजे व खिड़की आदि के विकास कार्य करवाए जाने हैं। फतेहाबाद खंड में 17, रतिया में 9, टोहाना में 17, भूना में 12, भट्टू कलां में 6, जाखल में 9 और सर्व शिक्षा अभियान के तहत 48 प्ले स्कूलों में विकास कार्य करवाए जाने हैं। अब तक 27 कार्य पूरे हो चुके हैं। 32 कार्य प्रगति पर है और 59 कार्य अभी तक शुरू नहीं किए गए है। एडीस ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो कार्य अब तक शुरू नहीं किए गए है वे जल्द से जल्द शुरू किए जाएं। इस अवसर पर सीएमजीजीए सुरभि साहू, बीडीपीओ हुकम चंद, राज सिंह, विकास लांग्यान, डीईईओ वेद दहिया, पीओ आईसीडीएस जोगेंद्र कौर, एसईपीओ ऋषि गोयल, रविंद्र शर्मा, अधीक्षक परमजीत कौर सहित संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# लंबित मांगों को लेकर नपा कर्मियों ने किया रोष प्रदर्शन

- डीएमसी के माध्यम से निकाय मंत्री के नाम ज्ञापन भेजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के तत्वावधान में वीरवार को नगरपालिका कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर लघुसचिवालय में पहुंच कर सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया। इससे पहले जिलाभर के नगरपालिका कर्मचारी शहीद भगत सिंह स्टेडियम में एकत्रित हुए और यहां से रोष प्रदर्शन करते हुए लघुसचिवालय पहुंचे जहां डीएमसी सुरेंद्र के माध्यम से निकाय मंत्री के नाम ज्ञापन भेजा गया। जिला प्रधान एवं रा'य कमेटी के सदस्य मनोज अठवाल, उपप्रधान सोमपाल पुहाल, जिला सचिव रवि, डबवाली इकाई के प्रधान सूरज, कालांवाली के प्रधान सिकंदर अठवाल, ऐलनाबाद के प्रधान जयचंद व सिरसा नगर परिषद इकाई के प्रधान नरेश चौहान ने बताया कि कर्मचारियों ने सरकार से मांग की है कि कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए। नगरपालिका कर्मचारी संघ व सरकार के बीच हुए 29 अक्टूबर 2022, 5 अप्रैल 2023 के समझौते को लागू किया जाए। नगर निगम गुरुग्राम के बर्खास्त किए गए 26 कर्मचारियों को बहाल किया जाए, नगर निगमों व अग्निशमन विभाग के कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए। रोष प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने बताया कि नगरपालिका कर्मचारी अपनी लंबित मांगों को लेकर संघर्षरत रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी मांगों की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि सरकार अपने वायदों से मुकर रही है। 29 अक्टूबर 2022 को सरकार और नगरपालिका कर्मचारी संघ के बीच समझौता हुआ था, जिसे आज तक लागू नहीं किया गया है। उनकी मुख्य मांग है कि नगरपालिका, नगर परिषद व नगर निगमों में ठेका प्रथा बंद कर पक्की भर्ती की जाए।




सिरसा। लघुसचिवालय में मांगों को लेकर रोष जाहिर करते नगरपालिका कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

# फतेहाबाद पुलिस ने 4 तस्करों को किया काबू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

ड्रग फ्री इंडिया अभियान के तहत फतेहाबाद पुलिस ने जिलेभर में अलग-अलग जगहों पर छापेमारी करके चार लोगों को काबू कर इनके कब्जे से भारी मात्रा में शराब बरामद की है। मिली जानकारी के अनुसार एंटी नारकोटिक सैल फतेहाबाद पुलिस की टीम ने प्रधान सिपाही संदीप कुमार के नेतृत्व में गांव थेडी में गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी की। पुलिस ने यहां दिलबाग सिंह को काबू कर उसके कब्जा से 30 बोतल हथकढ़ शराब व 30 लीटर लाहन बरामद किया। इसके अलावा सदर फतेहाबाद पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गांव बड़ोपल में नाकाबंदी के दौरान सन्तलाल निवासी बड़ोपल को काबू किया। पुलिस ने उसके कब्जे से 252 बोतल बीयर, 753 बोतल ठेका देशी व 7 बोतल अंग्रेजी बरामद की। दूसरी तरफ सीआईए टोहाना पुलिस के एचसी रोहताश कुमार के नेतृत्व में राजनगर, मीट मार्केट, टोहाना में छापामारी करके आरोपी काका उर्फ सुखा निवासी इंदिरा कॉलोनी टोहाना को काबू किया। पुलिस ने उसके कब्जा से 192 बोतल ठेका शराब देसी बरामद की। थाना शहर टोहाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार नजदीक पुल, कमालवाला रोड के क्षेत्र में छापेमारी करके बलवीर सिंह निवासी हरपाल चौक टोहाना को काबू कर उसके कब्जा से 48 बोतल शराब बरामद करने की है। सभी के खिलाफ सम्बंधित थानों में मामले दर्ज किए गए हैं।

# बिजली निगम को लूट रहे अधिकारी: जसकौर सिंह

- एडवांस में राशि भरवाने के बाद भी कनेक्शन जारी नहीं किए जा रहे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

बिजली मंत्री की शह पर उनके गृह जिले में ही अधिकारी लुटेरों की तरह बिजली महकमे को लूटने में लगे हुए हैं। पिछले डेढ़ साल से वह इस महकमे में किए जा रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा है, लेकिन सरकार द्वारा कोई दिलचस्पी न लेने के कारण अधिकारियों के हौंसले बुलंद हैं और वे दीमक की मानिंद महकमे को चट कर रहे हैं। यह आरोप क्त्रप्शन फ्री इंडिया संगठन से जसकौर सिंह ने वीरवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए लगाए। कालांवाली में ट्यूबवैल कनैक्शन नहीं मिलने के कारण किसान धरने पर हैं। यह ठेका भी बिजली मंत्री के चहेतों के पास है और एडवांस में राशि भरवाने के बाद भी कनैक्शन जारी नहीं किए जा रहे। और तो और पतली गली से निगम से निकाला गया सामान दूसरे किसानों से दोगुणा राशि लेकर उन्हें दिया जा रहा है। इतना ही नहीं सब डिवीजन पंजुआना में जेई ने एक ही लाइन पर दो-दो लाइन डालकर कर्मचारियों के लिए मुसीबत खड़ी कर दी है। जबकि दूसरी तरफ सिर्फ और सिर्फ विद्युत पोल खड़े कर दिए और सामान बेच दिया। जसकौर सिंह ने कहा कि अधिकारी सरेआम सरकार की छवि को खराब कर रहे हैं, लेकिन सरकार आंखें मूंदकर सबकुछ देख रही है। उन्होंने कहा कि सरकार भले ही कुछ करे या न करे, लेकिन भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी ये जंग अनवरत जारी रहेगी।



### आरटीआई के तहत मांगी थी जानकारी

जसकौर सिंह ने बताया कि उन्होंने आरटीआई के तहत निगम के एसई से बिजली मंत्री के बिल भरने संबंधी जानकारी एसई से मांगी थी, लेकिन वे जानकारी देने में आनाकानी कर रहे हैं। विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि एसई राजेंद्र सबरवाल द्वारा अपने पर्सनल क्रेडिट कार्ड से बिजली मंत्री का बिल भरा है। जसकौर सिंह ने कहा कि अगर ऐसा नहीं है तो निगम के अधिकारी आरटीआई का जवाब दें, जिससे सारी स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि गौशाला रोड पर 2019 में एक आरे का कनैक्शन डिफाल्टर होने पर काटा गया था। इसके बाद 2019 से 2023 तक डायरेक्ट मीटर लगाकर अधिकारियों द्वारा मोटा नजराना बिना डकार लिए हजम किया गया। जब इसकी शिकायत हुई तो निगम ने मीटर उखाड़ लिया। मजे की बात तो ये है कि डिफाल्टर होने के बाद भी निगम के अधिकारियों ने यहां एक महिला के नाम पर फिर से नया कनैक्शन जारी कर दिया। जसकौर सिंह ने कहा कि डबवाली निगम कार्यालय से रिटायर हुए जे ई सुरजीत सिंह, जोकि कैंसर का मरीज है, ने अपने आप को दिव्यांग दिखाकर एक्सटेंशन लेते हुए फिर से 'वाइन कर लिया, जोकि अधिकारियों की मिलीभगत के बिना संभव नहीं है।

# बिजली के अघोषित कटों पर जवाब दे सरकार: केडिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि नवीन केडिया ने कहा कि प्रदेशभर में बिजली के अघोषित कटों से लोग बेहद परेशान हैं। भीषण गर्मी के मौसम में जहां लोगों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही वहीं पेयजल की आपूर्ति में भी बहुत संकट सहन करना पड़ रहा है। उन्होंने बिजली के अघोषित कटों पर सरकार से जवाब मांगा है। वहीं प्रशासन से संबंधित विभाग को जवाबदेह बनाए जाने की मांग भी की है। नवीन केडिया ने जारी बयान में कहा कि पूरे प्रदेश में बिजली कटों और पानी की पर्याप्त आपूर्ति न होने को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। पिछड़े इलाकों में हालात और संगीन हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बाढ़ को लेकर अफसरों की बैठक बुलाई है लेकिन बरसात आने से पहले के हालात पर भी वे गौर करें। पूरे हरियाणा में गर्मी का आतंक है और बिजली की कटौती व पानी की आपूर्ति समय पर न होने के कारण लोग बेचैनी के हालात से गुजर रहे हैं। सबका साथ, सबका विकास का नारा देने वाली हरियाणा सरकार हर मोर्चे पर विफल होकर रह गई है। विकास का अर्थ भाजपा के लिए कुछ और होगा लेकिन जनता की बुनियादी जरूरतों को यह सरकार भूल चुकी है। नवजात शिशुओं और बूढ़े बुजुगार्ंे के लिए गर्मी संकट का पर्याय बन गई है। उस पर बिजली के कट कोढ़ में खाज के हालात पैदा कर रहे हैं। केडिया ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में बिजली संकट काफी दिनों से चल रहा है।

# सरकार की वादा खिलाफी के विरोध में सडक़ों उतरे सफाई कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

नगर पालिका कर्मचारी संघ के बैनर तले सफाई कर्मचारियों ने वीरवार को शहर में प्रदर्शन करते हुए डीएमसी के माध्यम से शहरी स्थानीय निकाय मंत्री के नाम मांपत्र सौंपा तथा मानी गई मांगें जल्द से जल्द पूरी किए जाने की गुहार लगाई। इस दौरान सफाई कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि भाजपा उनके साथ हुए समझौते पर काम नहीं कर रही तथा बार.बार वायदे करके उन्हे गुमराह कर रही है, जिसके चलते उन्हे बार.बार सडक़ों पर उतरना पड़ रहा है। मांगपत्र सौंपते हुए नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव पुरूषोत्तम दानव ने कहा कि सफाई कर्मचारियों ने अक्तूबर 2022 व अप्रैल 2023 के समझौते में मानी गई मांगें को पूरा करने, सफाई एवं सीवर मेनो के रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति, न्यूनतम वेतन 24 हजार देन व झाडू भत्ता, सफाई भत्ता, वर्दी, जूते तेल व साबुन आदि की सुविधा देने, ईएसआईए ईपीएफ का लाभ देने, पुरानी पेंशन बहाल करने, हरियाणा कौशल रोजगार निगम को भंग करने, ठेकों में लगे कर्मचारियों को विभाग के रोल पर करने, अनुबंध आधार पर लगे सफाई कर्मचसारियों व सीवर मैनों को नियमित करने, नगर निगम गुरूग्राम के बर्खास्त किए गए 26 हजार कर्मचारियों को बहाल करने, तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों व फायरमैन एवं ड्राइवरों के नए पद सृजित करने सहित अन्य मांगों का मांगपत्र सौंपा।




कार्यक्रम | विकास कार्यों को लेकर विधायक लक्ष्मण नापा ने ली बैठक

# विधायक ने अधिकारियों को हलके की विभिन्न समस्याओं के निपटान करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रतिया

विधायक लक्ष्मण नापा ने वीरवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाऊस में विकास कार्यों को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक ली और रतिया में रूके विकास कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक में कहा कि लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ अन्य विकास कार्य कराना सुनिश्चित करें। मीटिंग में विधायक लक्ष्मण नापा द्वारा अधिकारियों को हलके की विभिन्न समस्याओं के निपटान करने के निर्देश दिए। विकास कायार्ं के लिए अधिकारी बेहतर समन्वयन के साथ कार्य करें। विधायक लक्ष्मण नापा ने कहा कि विभिन्न विभागों द्वारा लोगों को दी जाने वाली सेवाएं-सुविधाएं सही समय पर उपलब्ध कराना अधिकारियों की जिम्मेदारी है। बैठक में विधायक ने सड़कों की मरम्मत, गलियों, बिजली, पेयजल खाद्य सामग्री के वितरण के बारे में अधिकारियों से विचार विमर्श किया। विधायक ने कहा कि रतिया विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी । इस मौके पर विधायक लक्ष्मण नापा ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हॉउस में लोगों की समस्याए भी सुनी ओर अधिकारीयों को बिजली, पानी, गलियों व सड़कों का निर्माण व मरम्मत, राशन कार्ड, बीपीएल कार्ड, स्वास्थ्य, स्कूल, पेंशन आदि की समस्याओ का जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। इस मौके पर रतिया एसडीएम जगदीश चन्द्र, जिला परिषद के सीईओ सुरेश कुमार, जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह गरोहा, एक्शन के सी कम्बोज, नरेश कुमार, ब्लॉक समिति चेयरमेन केवल कृष्ण मेहता, नागपुर मंडल अध्यक्ष निर्मल सिंह, हवा सिंह, एसडीओ संदीप सचदेवा, अंचल जैन, अशोक पंनू, भीम सिंह, दीपक कुमार, नपा वाइस चेयरमेन जोगिंद्र नन्दा, शहरी मंडल अध्यक्ष सुखविंद्र गोयल, रमेश मेहता, सरपंच प्रधान अरविन्द सिहाग, इंद्राज बिश्नोई आदि अधिकारी मौजूद रहे।



रतिया। विकास कायार्ं को लेकर अधिकारियों के साथ चर्चा करते विधायक लक्ष्मण नापा। फोटो :हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने चोरी के आरोपी को किया काबू


**सिरसा।** ओढां थाना पुलिस ने चोरी की वारदात को सुलझाते हुए एक आरोपी को काबू करके उसके कब्जे से चोरीशुदा राशि बरामद कर ली है। आरोपी की पहचान रवि उर्फ मंत्री पुत्र विनोद कुमार निवासी पन्नीवाला मोटा के रुप में हुई है। ओढां थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि बीती5 फरवरी को सतरूप पुत्र मदनलाल कस्वां गांव पन्नीवालामोटा जिला सिरसा की शिकायत पर जब वह रात को अपनी पशुओं की डेयरी पर सो रहा था। उसके कोट में से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा 36000 रुपए निकालने पर मामला दर्ज किया गया था।

### पुलिस ने उदघोषित अपराधी किया काबू

**सिरसा।** कालांवाली थाना पुलिस ने उदघोषित अपराधी कृष्ण लाल उर्फ नेपाली पुत्र दुर्गादास वार्ड नंबर 05 कालांवाली को काबू किया है। कालांवाली थाना प्रभारी चांद सिंह ने बताया कि 28.03.2021 को बलकर्ण सिंह पुत्र मेजर सिंह निवासी गांव तारूआना के बयान पर आरोपी कृष्ण लाल उर्फ नेपाली द्वारा उसका रास्ता रोककर मारपीट करने पर मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान आरोपी को न्यायालय के आदेशानुसार शामिल जांच करके न्यायिक प्रक्रियानुसार कार्यवाही की है।

### पंचायत भवन से हजारों का सामान चोरी

**सिरसा।** जिला के गांव शेखुखेड़ा के पंचायत घर से चोर हजारों रुपए का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में सरपंच जसकरण सिंह ने बताया कि 11 जून की रात को चोरों ने गांव के पंचायत भवन में घुसकर बाथरूम टायलेट की 8 टुंटियां, 20 फुट 1 इंच की पाईप पानी की, पानी की मोटर, 4 ट्यूब लाइट व लोहे का बोर्ड सहित हजारों रुपए का सामान चोरी कर ले गए। सुबह उन्हें घटना के बारे में पता चला। जिस पर पहले तो अपने स्तर पर गांव में ही पूछताछ की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।



### भागवत कथा, झांकियों ने किया मंत्रमुग्ध

**रतिया।** महादेव अमरनाथ सेवा समिति महिला मंडल रतिया व शिवदल लंगर कमेटी रतिया द्वारा बाबा नामदेव धर्मशाला में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कलाकारों ने सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत कर उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा में प्रवचन करते हुए कथावाचक पुरुषोत्तम शर्मा ने कहा कि इंसान को हमेशा सत्य की राह पर चलते रहना चाहिए और जरुरतमंद लोगों की सहायता के लिए तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सत्य की राह पर चलना कठिन जरुर है लेकिन मनुष्य को कभी भी अपना रास्ता नहीं बदलना चाहिए। इंसान को हमेशा दूसरों की सेवा करते रहना चाहिए।

### पीपीपी में 14 से 22 जून तक होंगे शिविर आयोजित

**सिरसा।** अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने बताया कि नागरिक संसाधन सूचना विभाग द्वारा आमजन की सुविधा के लिए 14 से 22 जून तक गांव स्तर व वार्ड स्तर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्राप्त डाटा के अनुसार जाति सत्यापन से संबंधित वेरिफिकेशन का कार्य पटवारी, कानूनगो व तहसीलदार द्वारा उनके कार्यालय से किया जाना है। उन्होंने बताया कि लेबर कॉपी की वेरिफिकेशन सहायक श्रम आयुक्त सिरसा व व्यवसाय से संबंधित वेरिफिकेशन जिला/सहायक रोजगार अधिकारी सिरसा से सत्यापित किया जाना है। इसके अतिरिक्त पेंशन वेरिफिकेशन का कार्य जिला समाज कल्याण अधिकारी सिरसा द्वारा किया जाएगा।

## नागरिकों की सुविधा के लिए लगाए जा रहे समाधान शिविर: उपायुक्त

# समाधान शिविरों में सबसे ज्यादा आ रही पीपीपी संबंधी समस्याएं

- समाधान शिविर में 94 लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे
- 16 समस्याएं पेंशन से थी संबंधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

उपायुक्त आर.के. सिंह ने बृहस्पतिवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ लघु सचिवालय अपने कार्यालय में सुबह 9 बजे 11 बजे तक समाधान शिविर लगाकर नागरिकों की समस्याएं सुनी। समाधान शिविर में 94 लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, इनमें से 23 समस्याएं परिवार पहचान पत्र, 16 समस्याएं पेंशन से संबंधित थी। उपायुक्त ने समस्याओं से संबंधित विभागों के अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं का निवारण करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में नागरिकों द्वारा पेयजल की समस्या लेकर आने पर उपायुक्त ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या का प्राथमिकता के साथ समाधान किया जाए। लोगों को निर्बाध रूप से बिजली और पर्याप्त मात्रा में पेयजल मिले। इसी प्रकार एक ग्रामीण द्वारा 100 वर्ग गज के प्लाट का कब्जा दिलवाने की समस्या पर तुरंत संज्ञान लेते हुए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी व जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी को निर्देश दिए कि जिन भी गांवों में सरकार द्वारा महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत 100 गज के प्लॉट दिए गए हैं और उन पर किसी अन्य व्यक्ति का कब्जा है, उन्हें तुरंत खाली करवा कर असल व्यक्ति को प्लॉट का कब्जा दिलवाया जाए। समाधान शिविर में सुबह 9:00 बजे से ही फरियादी पहुंचने शुरू हो गए। उसके बाद एक-एक करके उपायुक्त ने अपने पास बुलाया और उनकी समस्याओं को सुना। उपायुक्त ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने जनता से सीधे रूप से जुड़े विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नागरिकों की समस्याओं के समाधान के प्रति पूरी तरह से संवेदनशील होकर कार्य करें।



**सिरसा।** उपायुक्त समाधान शिविर में लोगों की समस्या सुनते हुए।

### एक ही जगह पर सभी अधिकारी मिलने से मिली बड़ी राहत

समाधान शिविर में अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे नागरिकों ने कहा कि उपायुक्त द्वारा शिविर लगाने सूचना पाकर ही वे अपनी समस्या लेकर यहां पहुंचे हैं। एक ही जगह पर उनको सभी अधिकारी मिले हैं, इससे उनको बहुत बड़ी राहत मिली है। एक समस्या को लेकर अलग-अलग कार्यों का कार्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़े हैं। स्वयं उपायुक्त ने उनकी समस्या के समाधान के लिए अधिकारियों को उनकी उनकी दरखास्त सौंपी हैं। समाधान शिविर में उपायुक्त के पास अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे नागरिकों ने कहा कि अधिकारियों ने उनकी समस्याओं को गौर से सुना है और जल्द से जल्द उनकी समस्या का समाधान करवाने का आश्वासन दिया है। शिविर लगने से उनको काफी राहत मिली है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण, अतिरिक्त उपायुक्त डा. विवेक भारती, डीएमसी सुरेंद्र, सीईओ जिला परिषद सुभाष चंद्र, एसडीएम सिरसा राजेंद्र कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# किरढ़ान में विवाहिता ने लगाई फांसी, पति व सास पर केस दर्ज

- पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा
- पति पर परेशान करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गांव किरढ़ान में संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतका के भाई ने उसके पति व बुआ सास पर उसकी बहन को परेशान करने का आरोप लगाया है। इस मामले में भट्टूकलां पुलिस ने दोनों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में केस दर्ज किया है। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। भट्टूकलां पुलिस को दी शिकायत में गांव फुलां निवासी प्रदीप कुमार ने कहा है कि उसकी बहन सिलोचना की शादी मई 2006 में अनूप निवासी किरढ़ान के साथ हुई थी। उनका अब एक 17 साल का लड़का है। दो माह पहले उसके भांजे राहुल का दाखिला कोटा में करवाया था। उसकी बहन भी दो माह से कोटा में रहकर उसकी देखभाल कर रही थी। 10 दिन पहले उसका भांजा राहुल बीमार हो गया था। इसके बाद वह कोटा गया और राहुल का इलाज करवाया। राहुल ने अपने दादा बहादुर सिंह को भी कोटा बुला दिया। इसके बाद 10 जून को वह वापस अपने गांव फुलां आ गया था जबकि उसकी बहन सिलोचना गांव किरढ़ान चली गई थी। अगले दिन उसे बहादुर सिंह ने फोन पर सूचना दी कि सिलोचना ने घर पर फांसी लगा ली है। सूचना मिलते ही वह अपने पारिवारिक सदस्यों के साथ गांव किरढ़ान पहुंच गया जहां उसकी बहन बैड पर मृत अवस्था में पड़ी थी। प्रदीप ने बताया कि उसका जीजा अनूप आवारा किस्त का व्यक्ति है और वह उसकी बहन को परेशान करता था।

# योग शिविर में साधकों को करवाया योग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन सुबह योग व प्राणायाम का अभ्यास करके अपने शरीर की समस्त बीमारियों को मिटाना चाहिए। यह बात पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट रतिया द्वारा पतंजलि योग पीठ हरिद्वार के तत्वाधान में टिब्बा कालोनी स्थित श्री राम आश्रम शिव मंदिर प्रांगण में चल रहे 30 दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर में वरिष्ठ योग शिक्षक मास्टर गोपाल चंद ने उपस्थित साधकों को योग क्रियाओं का अभ्यास करवाते हुए कही। उन्होंने कहा कि योग एवं प्राणायाम को अपनी आदत बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कपाल भात्ति और अनुलोम-विलोम से अनेक घातक बीमारियों का इलाज बिना किसी दवा के किया जा सकता है। योग को आदत में शामिल करते हुए प्रतिदिन इसका अभ्यास अवश्य करना चाहिए। प्रतिदिन योग व प्राणायाम की विभिन्न क्त्रियाएं करने से अपने आप को स्वस्थ रख सकते हैं। इस मौके पर जिला प्रभारी धर्मवीर ललित, देवीलाल चंदौरा, प्रैस प्रवक्ता सुरेश मंगला, महिला प्रभारी यशवी मेहता, मनदीप कौर, मीनू गर्ग, संजू मेहता, सुशील बांसल, सतपाल सिंगला, डॉ नरेश गोयल, चिमन लाल सहित काफी संख्या में साधक उपस्थित थे।

### किरायेदार महिला चोरी कर हुई फरार

**सिरसा।** शहर के खैरपुर क्षेत्र में एक किरायेदार महिला ने 4 हजार रुपए की नकदी सहित आभूषण चोरी कर ले गई। घटना के समय परिवार के लोग रिश्तेदारी में गए हुए थे। पुलिस को दी शिकायत में आशा रानी ने बताया कि उन्होंने अपने मकान के उपर का कमरा एक महिला को किराये पर दिया था। कभी वह अपना नाम मधु बताती है तो कभी पूजा। 11 जून को परिवार के लोग रिश्तेदारी में गए हुए थे। इसी दौरान मौका पाकर वह सीढ़ियों के रास्ते घर में आकर कमरे में रखी अलमारी से 4 हजार रुपए, 3 सोने की अंगूठी, 2 सोने के मंगल सूत्र, 1 चांदी का सिक्का चोरी करके ले गई। शाम को जब परिवार के लोग घर में आए तो घटना का पता चला। सामान संभाला तो उपरोक्त सामान गायब था।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- 19 को निकाली जाएगी मैराथन

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर पीएम श्री गवर्नमेंट गर्ल सीनियर सेकेंडरी स्कूल फतेहाबाद में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में योग विशेषज्ञ अंबिका पांटा व योग सहायक ज्योति और कविता द्वारा योगाभ्यास करवाया गया। योग प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला के प्रशासनिक अधिकारी, अन्य सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी पंच व सरपंच अन्य निर्वाचित सदस्य, पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी, एनसीसी कैडेट, स्काउट कैडेट्स ने भी भाग लिया। योग साधकों को संबोधित करते हुए योग विशेषज्ञ ने बताया कि योग से केवल शारीरिक लाभ ही नहीं होता अपितु मन भी एकाग्र होता है। सही निर्णय शक्ति का विकास होता है। अनेक मानसिक रोग दूर होते हैं। मन और शरीर स्वस्थ होने से समाज से संबंध अच्छे होते हैं, जिससे एक स्वस्थ समाज का विकास होता है। 15 जून जिला स्तर पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम पीएम श्री गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रहेगा। उसके बाद 19 जून को योग मैराथन पंचायत भवन फतेहाबाद से एमएम कॉलेज फतेहाबाद तक होगी। मैराथन के बाद अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम की रिहर्सल होगी और 21 जून को एमएम कॉलेज के प्रांगण में प्रात 7 बजे से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल करवाया जाएगा।



**फतेहाबाद।** योग प्रशिक्षण शिविर में अभ्यास करते आमजन।

# स्वस्थ जीवन की कुंजी है योग: गौतम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

भारत विकास परिषद व भारत स्वाभिमान ट्रस्ट की ओर से चौ. देवीलाल चिल्ड्रन पार्क में लगाए जा रहे 22 दिवसीय योग शिविर के 12वें दिन भाविप के अध्यक्षीय मंडल ने योग शिविर के संचालन कार्य का जायजा लिया। मीडिया प्रभारी विवेक शर्मा ने बताया कि अध्यक्षीय मंडल में सिरसा शाखा के अध्यक्ष प्रमोद मोहन गौतम, सचिव सतपाल जोत, प्रकल्प प्रमुख विश्व बंधु गुप्ता, उपाध्यक्ष संस्कार बृजेश मिश्रा, उपाध्यक्ष संपर्क कुलवंत राय डांग, सहकोषाध्यक्ष रघबीर सिंगला शामिल थे। इस मौके पर अध्यक्ष प्रमोद मोहन गौतम ने अपने वक्तव्य में कहा कि योग स्वस्थ जीवन की कुंजी है। योग से अनेक असाध्य बिमारियों को दूर किया जा सकता है। योग न केवल हमें शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी परिपक्व बनाता है। उपाध्यक्ष संस्कार बृजेश मिश्रा व उपाध्यक्ष संपर्क कुलवंत राय डांग ने संयुक्त रूप से बताया कि भारत ही नहीं, अपितु विदेशों ने भी योग को अपनाया है। प्रांत प्रभारी पतंजलि योग समिति चंद्रपाल योगी ने बताया कि प्रातःकालीन योग शिविर के अतिरिक्त सांयकाल में बाल संस्कार एवं योग शिविर आयोजित किया जाता है, जिसमें योग शिक्षक यशपाल योगा करवाते हैं और भाविव के विश्व बंधु गुप्ता संस्कार शिक्षा प्रदान करते हैं। इस मौके पर योग शिक्षक देवीलाल, डा. राजकुमार निजात, धन सिंह, नानूराम तगड़ीवाल, प्रवीन सेठी, सुमन सचदेवा, केवल कृष्ण, सोनू नरूला के अतिरिक्त अनेक योगार्थी उपस्थित थे।




**सिरसा।** शिविर में योग साधकों को सम्मानित करते।

- योग शिविर के संचालन कार्य का जायजा लिया
- सांयकाल में बाल संस्कार एवं योग शिविर आयोजित किया जाता है : योगी

# भूटान में सिरसा के युगल दंपती को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

- अंतरराष्ट्रीय मानस हिंदी-सेवी सम्मान से नवाजा
- साहित्यकारों एवं गणमान्य नागरिकों ने हर्ष व्यक्त किया

हरियाणा साहित्य अकादमी से श्रेष्ठ महिला रचनाकार सम्मान तथा पंडित माधव प्रसाद मिश्र सम्मान प्राप्त तथा हिंदी साहित्य की विविध विधाओं में 55 पुस्तकों की रचयिता डॉ. शील कौशिक को उनके हिंदी साहित्य में अवदान के लिए पूर्वोत्तर हिंदी अकादमी शिलांग द्वारा आयोजित पांच दिवसीय भारत-भूटान साहित्यकार स मेलन में अंतरराष्ट्रीय मानस हिंदी-सेवी सम्मान-2024 से विभूषित किया गया। युगल दंपति ने भूटान में फुंटशोलिंग, थिंपू तथा पारो आदि स्थानों पर जीवन में साहित्य एवं संस्कृति का महत्व विषय की संगोष्ठी में भाग लेने के साथ अलग-अलग सत्रों में काव्य-पाठ तथा लघुकथा-पाठ भी किया।

सिरसा के इस युगल साहित्यकार दंपति डॉ. शील कौशिक एवं डॉ. मेजर शक्तिराज की इस उपलब्धि को सिरसा जनपद की शान बताते हुए स्थानीय साहित्यकारों एवं गणमान्य नागरिकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# सांसद सैलजा ने अनिल ज्याणी की पीठ थपथपाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सिरसा लोकसभा से नवनिर्वाचित सांसद कुमारी सैलजा इन दिनों फतेहाबाद जिले में कार्यकर्ताओं से मिलकर चुनावों में दिए गए सहयोग व समर्थन के लिए उनका आभार जता रही है। टोहाना पहुंची कुमारी सैलजा का स्वास्तिक एनजीओ के अध्यक्ष एवं फतेहाबाद विधानसभा में कुमारी सैलजा के लिए जोर-शोर से प्रचार अभियान में जुटे रहे युवा नेता अनिल ज्याणी ने अपने समर्थकों सहित जोरदार स्वागत किया। कुमारी सैलजा ने अनिल ज्याणी की चुनावों में की गई कड़ी मेहनत के लिए उनकी पीठ थपथपाई और आशीर्वाद दिया। कुमाारी सैलजा ने अनिल ज्याणी को अपने साथ बिठाते हुए कहा कि वे कांग्रेस पार्टी के साथ जुड़कर चले, पार्टी में उन्हें पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। कुमारी सैलजा का स्वागत करते हुए अनिल ज्याणी ने कहा कि भाजपा कुशासन से दुःखी जनता को कुमारी सैलजा के रूप में एक नई राह दिखाई दी है।



**फतेहाबाद।** टोहाना में अनिल ज्याणी की पीठ थपथपाते सांसद कुमारी सैलजा।

# महावीर ने नंदीशाला में किया कमरे का दान




**सिरसा।** नंदीशाला के प्रधान पवन बंसल को कमरे की राशि भेंट करते वैद्य महावीर प्रसाद शर्मा। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

वैद्य महावीर प्रसाद शर्मा के पुत्र योगेंद्र शर्मा ने अपने परिजनों सहित केलनियां नंदीशाला में एक कमरा दान किया है। उनके साथ संजय शर्मा भी मौजूद थे। नंदीशाला के प्रधान पवन बंसल, कोषाध्यक्ष सुशील कंदोई, उपप्रधान सुधीर ललित, महेंद्र बणीवाला, रामबिलास, सतीश शर्मा, विजय बंसल, वेद भूषण गर्ग, अशोक गंडा, राजेंद्र सचदेवा, गिरधर सहित नंदीशाला प्रबंधन कमेटी ने उनका इस सेवा कार्य के लिए धन्यवाद किया। वैद्य महावीर शर्मा ने कहा कि अगर भगवान ने आपको सबकुछ दिया है तो आप दान जरूर करें। दान किसी ाी रूप में करें, लेकिन करें जरूर। उन्होंने कहा कि अगर दान गौसेवा के लिए हो तो उसकी महत्त्ता और भी बढ़ जाती है। उन्होंने तमाम नंदीशाला प्रबंधक कमेटी के सदस्यों को नंदीशाला के बेहतर प्रबंधन के लिए प्रोत्साहित किया और आश्वस्त किया कि वे समय-समय पर हर संभव सहयोग करते रहेंगे। इस मौके पर प्रधान पवन बंसल ने बताया कि शहरवासियों के सहयोग से आज नंदीशाला में सैकड़ों गौवंश का पालन-पोषण किया जा रहा है। नंदीशाला बनने से शहरवासियों को आवारा पशुओं से भी निजात मिली है और गौवंश को आश्रय मिला है।

## उपायुक्त कार्यालय के बाहर मटके फोड़ कर जताया रोष

# बिजली-पानी की मांग को लेकर भड़के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

बिजली-पानी की समस्या को लेकर गांव जमाल की 150 ढाणियों के सैकड़ों ग्रामीणों ने वीरवार को लघु सचिवालय में रोष प्रदर्शन किया। ग्रामीण महिलाओं ने मटके फोड़कर रोष जताया।

ग्रामीणों के रोष को देखते हुए भारी पुलिस बल भी तैनात किया गया। इससे पहले ग्रामीण भगत सिंह स्टेडियम में एकत्रित हुए और यहां से रोष प्रदर्शन करते हुए लघुसचिवालय पहुंचे रोष रोष जाहिर किया। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने कहा कि वे पानी और बिजली की समस्या को लेकर गांव जमाल में 35 दिनों से धरने पर बैठे हैं लेकिन जिला प्रशासन व सरकार ने उनकी कोई सुध नहीं ली। इस दौरान भीषण गर्मी के कारण एक किसान बीमार हो गया जिसकी बाद में मौत हो गई।

कई किसान बीमार भी हो गए हैं जिनका अस्पताल में उपचार चल रहा है। इसके बावजूद भी उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही। ढाणी ज्ञान सिंह निवासी हरी सिंह ने कहा कि गांव जमाल, ढुकड़ा व बरुवाली से लगी 150 ढाणियों में पानी व बिजली की घोर समस्या है। जिससे ग्रामीणों को भीषण गर्मी में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पानी और बिजली हर नागरिक का अधिकार है और सरकार उन्हें इस अधिकार से वंचित कर रही है। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक प्रशासन उनकी समस्या का समाधान नहीं करता उनका धरना व प्रदर्शन जारी रहेगा। वहीं, प्रदर्शन में काफी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं।

महिलाओं ने सिर पर खाली मटके रखकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और उपायुक्त कार्यालय के समक्ष मटके फोड़कर अपने रोष का इजहार किया। महिलाओं का कहना है कि सबसे ज्यादा परेशानी उन्हें हो रही है।

उन्हें दूर दराज इलाके से पीने का पानी भरकर लाना पड़ रहा है। इसलिए प्रशासन जल्द से जल्द उनकी समस्या का समाधान करे।



**सिरसा।** लघुसचिवालय में बिजली-पानी की मांग को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

### हमारा मकसद गांव में हरित क्रांति लाना: प्रदीप बेनीवाल

**ओढां।** पर्यावरण सुधार समिति व ग्राम पंचायत पन्नीवाला मोटा के सहयोग से गांव में पौधारोपण की शुरुआत मास्टर राजेन्द्र वर्मा के घर से की गई। जानकारी देते हुए सरपंच प्रतिनिधि प्रदीप बेनीवाल ने बताया कि हमारा मकसद गांव में हरित क्त्रांति लाना है। आज के समय में पेड़ हमारे जीवन का एक अहम अंग है इनके बिना जीवन जीना बड़ी मुश्किल में पड़ जाएगा। क्लब के प्रधान संदीप बादल ने कहा कि जल्द ही हम गांव में एक बड़े पैमाने पर पौधा रोपण करेंगे और उनको एक पेड़ के रूप में देखेंगें। यह सब कुछ समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से ही संभव हो पाएगा।